भारत सरकार

स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय

स्वास्थ्य और परिवार कल्याण विभाग

लोक सभा

अतारांकित प्रश्न संख्या:2489

13 फरवरी, 2026 को पूछे जाने वाले प्रश्न का उत्तर

आयुष्मान भारत कार्ड

2489. श्री भजन लाल जाटव:

श्री रामबीर सिंह बिधूड़ी:

क्या **स्वास्थ्य और परिवार कल्याण** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) विगत पांच वर्षों से लेकर आज तक देश में विशेषकर राजस्थान में सरकार द्वारा जारी किए गए आयुष्मान भारत कार्डों की राज्य-वार कुल संख्या कितनी है,

(ख) देशभर में कितने उक्त कार्डधारकों ने निजी अस्पतालों में निःशुल्क उपचार का लाभ उठाया है;

(ग) उक्त योजना के अंतर्गत दिल्ली में कितने निजी अस्पताल निःशुल्क उपचार प्रदान कर रहे हैं,

(घ) उक्त अवधि के दौरान आयुष्मान भारत कार्ड के संबंध में प्राप्त शिकायतों की राज्य-वार प्रकृति क्या है,

(ङ) आयुष्मान भारत योजना के अंतर्गत प्रतिवर्ष अधिकतम कितनी राशि के निःशुल्क उपचार का लाभ उठाया जा सकता है; और

(च) क्या विशेष परिस्थितियों में इस सीमा को बढ़ाया जा सकता है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

उत्तर

स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय में राज्य मंत्री

(श्री प्रतापराव जाधव)

(क): पिछले पांच वर्षों (अर्थात अप्रैल 2020 से जनवरी 2026) के दौरान, आयुष्मान भारत - प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना (एबी-पीएमजेएवाई) के अंतर्गत लगभग 35.69 करोड़ आयुष्मान कार्ड जारी किए गए हैं, जिनमें राजस्थान राज्य में जारी किए गए 2.28 करोड़ आयुष्मान कार्ड शामिल हैं। इस योजना के अंतर्गत जारी

किए गए आयुष्मान कार्डों का राज्य/संघ राज्य क्षेत्र वार विवरण https://dashboard.nha.gov.in/public/card से प्राप्त किया जा सकता है।

(ख): दिनांक 31.01.2026 की स्थिति के अनुसार, इस योजना के तहत अस्पताल में 5.77 करोड़ मरीजों की भर्ती के संबंध में निजी अस्पतालों हेतु 1.15 लाख रु. की धनराशि के लिए स्वीकृति प्रदान की गई है।

(ग): दिल्ली में पैनलबद्ध निजी अस्पतालों का विवरण https://hem.nha.gov.in/search पर से प्राप्त किया जा सकता है।

(घ): शिकायतों की प्रकृति में कार्ड पर गलत विवरण, कार्ड डाउनलोड करने में असमर्थता, परिवार में गलत सदस्यों का जोड़ा जाना, परिवार के सदस्यों के नाम गायब होना आदि शामिल हैं।

(ङ) और (च): एबी-पीएमजेएवाई माध्यमिक और विशिष्ट परिचर्या हेतु अस्पताल में भर्ती के लिए प्रति परिवार प्रति वर्ष 5 लाख रुपये का स्वास्थ्य बीमा प्रदान करती है।

*****